Document 290921 1.jpg 2019-20

भारतीय परम्परा में सौन्दर्य

(Aesthetics in Indian Tradition)

डॉ० अर्चना रानी

भारतीय परम्परा में सौन्दर्य

AESTHETICS IN INDIAN TRADITION

संपादक

डॉ० अर्चना रानी

विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर,
ड्राइंग एवं पेण्टिंग विभाग,
आर०जी० (पी०जी०) कॉलिज, मेरठ उ०प्र०

सह-संपादक

डॉ० नाजिमा इरफान (असिस्टेण्ट प्रोफेसर)
डॉ० पूनम लता सिंह (असिस्टेण्ट प्रोफेसर)

प्राइम पब्लिशिंग हाऊस
मेरठ

प्राइम
भारतीय परम्परा में सौन्दर्य
Aesthetics in Indian Tradition

प्रकाशक
प्राइम पब्लिशिंग हाऊस
40 प्रथम तल, आधुनिक शॉपिंग कॉम्पलैक्स
शारदा रोड, मेरठ – 250002 (उ०प्र०)
फोन : 0121-2523989

प्रथम संस्करण : बसंत पंचमी, 30 जनवरी 2020

© सम्पादक

प्रस्तुत पुस्तक में प्रकाशित शोध-पत्रों, लेखों में व्यक्त विचार एवं तथ्य लेखकों के हैं, उससे प्रकाशक या सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है और उसके लिये वह किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं है।

ISBN : 978-93-86491-25-1

मूल्य : ₹ 1299.00

लेज़र टाइपसैटिंग :
सिंघल कम्प्यूटर्स, मेरठ।

मुद्रक :
सनी ऑफसैट प्रेस, मेरठ।

विषय-सूची

क्रं.सं.	शीर्षक	लेखक	पृष्ठ संख्या
1.	शुंग कला सौन्दर्य : लोक कला का अनूठा प्रतिमान	डा0 नीलिमा गुप्ता	01-06
2.	संस्कृतवाङ्मय में नारीसौन्दर्य	डॉ0 पूनम लखनपाल	07-12
3.	भारतीय परम्परा में सौंदर्य	डॉ0 गीता अग्रवाल	13-18
4.	भारतीय सौन्दर्य चिन्तन एवं कला में सौन्दर्य दर्शन	डॉ0 अर्चना रानी	19-24
5.	भारतीय कला और सौन्दर्य–शास्त्र	डॉ0 पुनीता शर्मा	25-27
6.	सत्यम् शिवम् सुन्दरम्	डॉ0 ऋषिका पाण्डेय	28-32
7.	राजस्थानी कला परम्परा में सौन्दर्य दर्शन	डॉ0 नाजिमा इरफान	33-36
8.	सौन्दर्य की अप्रतिम उदाहरण कांगड़ा शैली	डॉ0 पूनमलता सिंह	37-39
9.	छायावादी लघुत्रयी के काव्य में सौन्दर्य चेतना	डॉ0 कंचन पुरी	40-48
10.	हिन्दी साहित्य में सौन्दर्य की अवधारणा	डॉ0 निशा गोयल	49-58
11.	सौन्दर्य बोध और निराला का नारी सौन्दर्य	सुरभि	59-63
12.	संस्कृत नाट्याभिनय में सौन्दर्याभिव्यक्ति	डॉ0 उपासना सिंह	64-67
13.	भारतीय कला परम्परा में सौन्दर्य	डॉ0 सुमन लता शर्मा	68-69
14.	भारतीय परम्परा में सौन्दर्य	डॉ0 किरन शर्मा	70-72
15.	भारतीय सांगीतिक परम्परा में सौन्दर्य	डॉ0 स्वाति शर्मा	73-75
16.	Psychological Aspects of Aesthetician	Dr. Sunita Singh	76-79
17.	कला और सौन्दर्य	डॉ0 अलका सोती	80-83
18.	भारतीय काव्य, साहित्य व कला में सौन्दर्य	श्रीमती प्रज्ञा केसरवानी	84-89
19.	पद्म श्री सुधीर रंजन खास्तगीर जी की कला में सौन्दर्य	डॉ0 प्रेमलता कश्यप	90-92
20.	मराठा राज्य की भित्तिचित्र परम्परा में नारी सौन्दर्य	डॉ0 सुषमा जैन	93-96
21.	अलवर के भित्ति चित्रों में सौन्दर्य दर्शन	डॉ0 वर्षा रानी	97-99

2 संस्कृतवाङ्मय में नारीसौन्दर्य

-डॉ० पूनम लखनपाल

एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्षा, संस्कृत विभाग, आर०जी०(पी०जी०) कॉलेज, मेरठ

संस्कृतवाङ्मय मूर्त एवं अमूर्त भौतिक एवं भाव तत्त्वों को शाब्दिकशरीर प्रदान कर जगत् के समक्ष साक्षात् प्रस्तुत करने का अद्भुत कार्य करता है। वैदिक ऋचाओं की उषा हो या कालिदास की शकुन्तला, इन्दुमती, पार्वती, ऋतुएँ आदि हों, बाणभट्ट की महाश्वेता, कादम्बरी हो या चाण्डाल कन्या, ऋषियों एवं कवियों ने उसके सौन्दर्य को शब्दार्थचित्रों द्वारा समक्ष उपस्थित करा दिया। लक्ष्यग्रन्थों के नारी सौन्दर्यचित्रण ने लक्षणग्रन्थों के रचयिताओं को सौन्दर्य के मानदण्ड स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया। काव्यशास्त्रकारों ने विशेष रूप से अलघरशेखरकार केशवमित्र ने 'योषिद्वर्णन' के माध्यम से भारतीय सौन्दर्य परम्परा के इस पक्ष को पुष्ट किया है।

योषिद् वर्णन–

योषित् शब्द अमरकोष में स्त्री सामान्य के रूप में पर्यायवाचियों में दिया गया है, परन्तु अपने व्युत्पत्तिपरक अर्थ[1] में योषित् स्त्रीसामान्य नहीं, स्त्रीविशेष है। कालिदासकृत प्रयोग 'गच्छन्तीनां रमणवसतिं योषितां तत्र नक्तम्'[2] सिद्ध करता है कि योषित् पद तरुणी को लक्षित करता है। अमरकोषकार ने 'मध्यमवयसिवर्त्तमाना'[3] को तरुणी कहा है। यह तरुणी ही योषित् हैं, जिसके शरीर व अंगों का वर्णन यहाँ अपेक्षित है। योषित् अनुयोगी है और उसके प्रतियोगी हैं चन्द्रकलादि –

चन्द्रकलाऽम्बुजदाम शिरीषं विद्युत्तारा कनकलता च।

दमनककाञ्चनयष्टी दीपःसर्वैरेभिर्योषिद्वर्ण्या।।[4]

चन्द्रकला, पद्ममाला, शिरीषपुष्प, विद्युत्तारा, स्वर्णलता, दमनक, स्वर्णयष्टि और दीपशिखा इन सभी से स्त्री का वर्णन करना चाहिए।

प्राचीन भारतीय काव्यपरम्परा में नारी के समस्त देह की उपमा प्रायः चन्द्रकला, कमल–रज्जु, शिरीष, दामिनी, तारा, स्वर्णलतिका दमनकयष्टि, कांचनयष्टि एवं दीपशिखा से दी गई है। कभी आम्रवृक्ष की शाखा[5], नदी,[6] तथा धनुष[7] से भी नारी को उपमित किया गया है। नारीदेह की कृशांगता, सुकुमारता तथा भंगिमा की तुलना लता बेलों से की गई है। मेघदूत की यक्षिणी प्रियंगु की भाँति छरहरी है[8]। इसी प्रकार मदन–पीड़ा से कृश शकुन्तला की देहयष्टि गर्म हवा से सुखाई हुई माधवी के समान शोचनीय लगती है।[9] नारीदेह में उज्ज्वलता, शीतलता एवं निर्मलता के गुणों की अभिव्यंजना के लिए कवियों ने 'चन्द्रिका' के उपमान का अधिकांशतः प्रयोग किया है। मैथिली को चन्द्रकान्ति की अधिष्ठात्री देवी के सदृश आकार वाली कहा गया है।[10]

12 संस्कृत नाट्याभिनय में सौन्दर्याभिव्यक्ति

-डॉ० उपासना सिंह
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, आर०जी०(पी०जी०) कॉलेज, मेरठ

लोकस्वभाव की अभिनयाभिव्यक्ति ही नाट्य है। ललित–कलाओं में नाटक का स्थान सर्वोपरि है। इस चराचर जगत के प्रत्येक कण में एक सहृदय मनुष्य सौन्दर्य की अनुभूति करता है। नाट्यकला हृदय की वस्तु है जो हृदय से उत्पन्न होकर हृदय को ही प्रसन्न करती है। ललित–कलाओं की अधिष्ठातृ देवी, अपार सौन्दर्य की स्वामिनी एवं शिव की सहचरी स्वयं ललिता है। अतः उनके द्वारा प्रसूत कलाओं का प्रयोजन सौन्दर्य की सृष्टि के अतिरिक्त कुछ नहीं है। यह सौन्दर्य अखण्ड व्यष्टि स्वरूप सूक्ष्म एक रस है।

संस्कृत भाषा में 'कला' शब्द का प्रयोग शिल्प, मधुर, श्रवण–सुखद, आह्लादक आदि अनेक अर्थों में किया जाता है। सौन्दर्य की आनन्दमयी अनुभूति सौन्दर्यानुभूति है। नाट्य के सौन्दर्य की अनुभूति रस के माध्यम से आनन्द एवं सुख प्रदान करती है।

नाटक एक सामाजिक कला है, ये कला अभिनय को सर्वाध सुन्दर बनाने में सहयोग देती है। नाट्य में अभिनय की प्राणरूपा कला का स्थान सर्वोपरि है। नाटक अपने कृतित्व एवं प्रस्तुतिकरण दोनों पक्षों में शिल्प एवं कला सम्बन्धी विस्तृत परिप्रेक्ष्य को ग्रहण करता है। वस्तुतः नाट्यकला रस के उन्मीलन की प्रधान सहायिका हैं।

मुनियों ने नाट्यकला को देवताओं के लिए सौम्य (शान्त) नेत्रयज्ञ कहा है–

देवानामिदमामनन्ति मुनयः कान्तं क्रतुं चाक्षुषं
रूदेणेदमुमाकृतव्यतिकरे स्वाङ्गे विभक्तं द्विधा।
त्रैगुण्योद्भवमत्रलोकचरितं नानारसं दृश्यते
नाट्यं भिन्नरूचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्।।[1]

अर्थ – मुनियों ने नाट्यकला को देवताओं के लिए सौम्य (शान्त) नेत्रयज्ञ कहा है भगवान शंकर ने अपने अर्धनारी स्वरूप में इसे दो (लास्य और ताण्डव) भागों में विभक्त किया है। इस नाट्य में शृंङ्गार आदि नवो रस तथा सत्त्वादि तीन गुणों से युक्त लोगों का चरित्र परिलक्षित होता है। यही एक ऐसी नाट्यकला है जो भिन्न–भिन्न रूचिवाले लोगों को अनेक प्रकार से आनन्द प्रदान करती है।

संस्कृत नाट्यकला के प्रथम आचार्य भरतमुनि के अनुसार नाटक संगीत, नृत्य तथा कार्य व्यापार की एक सर्वतोमुखी कला है। नाट्यशास्त्र के अनुसार नाटक त्रैलोक्य के भावों का अनुकीर्तन है–

त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य नाट्य भावानुकीर्तनम्[2]

9 छायावादी लघुत्रयी के काव्य में सौन्दर्य चेतना

-डॉ० कंचन पुरी
एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, आर०जी०(पी०जी०) कॉलिज, मेरठ

सौन्दर्य, काव्य एवं अन्य ललित कलाओं का अनिवार्य तत्व है, जिसका सम्बन्ध मनुष्य के भावात्मक संवेगों के साथ है। वस्तुतः कलाकार की सौन्दर्य दृष्टि ही काव्य की सृजन भूमि निर्मित करती है। ज्ञान, विचार, अनुभूति की स्फुरणा के साथ ही वाक् तत्व स्पंदित हो उठता है। वाणी के विलास से ही तमसावृत संसार प्रकाश से भर उठता है। इसी वाक्तत्व का विलास है– साहित्य। किसी कृति की रचना हमारी परिष्कृत सौन्दर्य चेतना की ही स्फुरणा होती है। डॉ० नगेन्द्र ने इसी को साहित्य प्रेरणा हेतु माना है। सौन्दर्य चेतना ही कलाओं की जननी है।

सौन्दर्य चेतना जीवन की अत्यन्त व्यापक चेतना है। जीवन का विविध सौन्दर्य मनुष्य को सदा घेरे रहता है। सौन्दर्य की सान्द्र अनुभूति जब ललित अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रकट हो उठती है, तभी काव्य का उन्मेष होता है। वैसे तो मानव मात्र अपनी अनुभूति को हाव–भाव, प्रसन्नता–उल्लास, सुन्दर उक्तियों के माध्यम से व्यक्त करता है, किन्तु ये उक्तियां रचना का रूप धारण नहीं कर पाती। अनुभूति रचना में ढल सके इसके लिए विशिष्ट गुणों और शक्तियों की आवश्यकता होती है। कवि और कलाकार इन्हीं से सम्पन्न होता है। सौन्दर्य की अनुभूति होती ही कवि की रचनात्मक शक्तियां गतिशील हो उठती है। इन शक्तियों से ही कवि की अनुभूति काव्य में प्रतिफलित होती है।

हिन्दी साहित्य में छायावादी काव्य का स्वरूप बहुमुखी है। इसमें भावनाओं की अभिव्यक्ति में नारी संवेदना, उद्‌बुद्ध नारी की कल्पना, नयी संस्कृत तथा नये जागरण का स्पंदन है, किन्तु इन सब के मूल में व्यक्तिमूलक तथा सौन्दर्यमूल काव्य–चेतना है। छायावादी प्रवृत्तियों में प्रमुख है– सौन्दर्य भावना, आत्मनिष्ठता, प्रकृति का मानवीकरण, कल्पना की अधिकता तथा नारी के प्रति नूतन दृष्टिकोण। समीक्षकों ने सौन्दर्य भावना को इस युग की विशेष प्रवृत्ति ही नहीं बल्कि सर्वप्रमुख विशेषता माना है।

अस्तु छायावादी कवियों की विलक्षणता उनकी सौन्दर्यानुभूति व अभिव्यक्ति है।

सुमित्रानंदन पंतः–

"छायावाद भाव–बोध की दृष्टि से जहां वस्तु–बोध की भूमिका को छोड़कर एक ओर नवीन चैतन्य के शिखरों की ओर बढ़ा, वहां कला–बोध की दृष्टि से वह काव्यशास्त्रीय जड़, अलंकार युग की

10 हिन्दी साहित्य में सौन्दर्य की अवधारणा

-डॉ० निशा गोयल
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, आर०जी०(पी०जी०) कॉलेज, मेरठ

मानव मन स्वभाव से ही सुन्दरता की ओर आकर्षित होता रहा है। पशु–पक्षियों में भी सौन्दर्य के प्रति आकर्षित होने की भावना पायी जाती है। पावस ऋतु की घनघोर घटाओं के सौन्दर्य को देखते ही मयूर विभोर होकर नृत्य में झूम उठता है, भ्रभर एवं तितलियाँ पुष्पित सौन्दर्य के ऊपर गुनगुनाती रहती हैं। हिमालय की अधिव्यका में हरीतिमा के सौन्दर्य पर मृग आत्मविर्सन कर छलांगे भरता है, तो फिर मानव मन में सौन्दर्य के प्रति हार्दिक रूप से आकर्षित होना अस्वभाविक नहीं है। सौन्दर्य के प्रति जब मानव–मन आकर्षित होता है तो सौन्दर्य के प्रति उसके मन में प्रेम की भावना जागृत हो जाती है। अतः सौन्दर्य एक ऐसा महान् तत्व हुआ जिसका अनुगमन प्रेम तत्व भी करता है।

सौन्दर्य शब्द की व्युत्पत्ति मूल रूप से "सुन्दर" शब्द से हुई है एवं "सुन्दर" शब्द "सुन्द" पूर्वक "रा" धातु से औणादिक "अच" प्रत्यय के योग से बना है।[1]

सुन्दर शब्द को "उन्द" धातु में "सु" उपसर्ग का योग करके तथा "अरन्" प्रत्यय जोड़कर भी सिद्ध किया गया है। "सु" उपसर्ग का अर्थ भली प्रकार एवं सुष्ठ होता है एवं "उन्द" शब्द का अर्थ "सरस" अथवा आर्द्र करना होता है और "अरन्" प्रत्ययकर्त्ता वाचक होता है।[2]

"सुन्दर" शब्द की व्युत्पत्ति "सु" पूर्वक "नन्द" धातु से भी मानी है। (सुन्दरयति इति सुन्दरम्) "नर" व्यक्ति वाचक संज्ञा में "सु" उपसर्ग जोड़ने से "सुन्दर" शब्द बनता है एवं "सुनर" से ही सुन्दर शब्द बना है।[3]

ऋग्वेद में भी सुन्दर शब्द की व्यापक चर्चा है। वहाँ भी "सुनर", "सुनरम्", "सुनरी" आदि अनेक शब्दों का प्रयोग सुन्दर शब्द के लिये ही किया गया है।[4]

सौन्दर्य इस विश्व का अति व्यापक तत्व है जिधर भी दृष्टिपात करें वहाँ तक अतुलित सौन्दर्य ही सौन्दर्य दृष्टिगोचर होता है। कल–कल नाद करती हुई धारायें, चहचहाते हुए पशु–पक्षी, मुस्कराते हुए पुष्प, वर्षा ऋतु में झर–झर झरता अमृत रस, गगन–गामिनी मधुर ध्वनि किसके मन को मोहित नहीं करते, प्रकृति की ये अनुपम छटायें वास्तव में सौन्दर्य का विशाल पुंज हैं। मानव के आवश्यक अंग–नर–नारी, बाल, युवा एवं वृद्ध अपने मूल रूप में सौन्दर्य के विशाल रूप है। सौन्दर्य शब्द की वेदों में अपार चर्चा है–

"विश्यमस्या नानाभ व चक्षुसे जगज्जयोंतिवष्कृवोति सूनरी।
अपो महि व्ययति चक्षु से तभो ज्योतिष्कृणोति सूनरी।"[5]

4 भारतीय सौन्दर्य चिन्तन एवं कला में सौन्दर्य दर्शन

-डॉ० अर्चना रानी

एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ड्राइंग एवं पेण्टिंग विभाग, आर०जी०(पी०जी०) कॉलेज, मेरठ

सारांश

मानव सभ्यता के विकास के साथ–साथ यह प्रश्न बार–बार उठता रहा है कि सौन्दर्य क्या है, और सौन्दर्य का अधिष्ठान क्या है? अतः सभी सभ्य, संस्कृत देशों के विचारकों, साहित्यकारों, कलाकारों ने सौन्दर्य सम्बन्धी विभिन्न धारणाओं का अपने–अपने दृष्टिकोणों से प्रतिपादन किया है। यह चिन्तन इस स्तर तक विकसित हुआ कि पाश्चात्य देशों, विशेषतः जर्मनी में तो सौन्दर्यशास्त्र (Aesthetics) जैसे प्रथक् शास्त्रों का सृजन हो गया। भारत के विभिन्न सौन्दर्य–शास्त्रियों ने प्रकृति, मानव, काव्य एवं कला के प्रसंग में सौन्दर्य के स्वरुप पर विचार किया जो अलौकिक सौन्दर्य क्षेत्र का चिन्तन करता है। यही भारतीय सौन्दर्य–चिन्तन तथा कला में सौन्दर्य–दर्शन इस शोध–पत्र का आधार है।

शब्द–संकेत– सौन्दर्य, साहित्य, ललित कलायें, चिन्तन, अनुभूति, कलाकृति।

प्रस्तावना

समस्त कलाओं में एक मूलभूत अन्तर्सम्बन्ध निहित है चाहे वह चित्रकला हो, मूर्तिकला, वास्तुकला, साहित्य या संगीत। भारतीय सौन्दर्य शास्त्र का वास्तविक स्वरुप काव्य शास्त्र में प्राप्त होता है। यह एक ऐसा विषय है जिसमें सौन्दर्य का सम्पूर्ण क्षेत्र आ जाता है। समस्त कलायें किसी न किसी रुप में एक दूसरे पर आश्रित हैं और स्पष्ट रुप से कहें तो इनका क्षेत्र ललित कला है जिसे पूर्णतः व्यक्त करने वाला शब्द है कला–दर्शन। इस प्रकार सौन्दर्य शास्त्र ललित कलाओं के रुप में अभिव्यक्त सौन्दर्य से सम्बद्ध मौलिक प्रश्नों के तात्विक विवेचन और उसके परिणामी सिद्धान्तों की संहिता का नाम है।

भारतीय कला और संस्कृति का परस्पर सम्बन्ध मानव संस्कृति की उपज है। इसका उदय मानव की सौन्दर्य भावना का परिचायक है। इस भावना की वृत्ति एवं मानसिक विकास हेतु ही विविध कलाओं का विकास हुआ। कला का शाब्दिक अर्थ है–किसी वस्तु का छोटा अंश। कला धातु से 'ध्वनि' व 'शब्द' का बोध होता है। ध्वनि का तात्पर्य है अव्यक्त से व्यक्त की ओर उन्मुख होना। कलाकार भी अपने अव्यक्त भावों को विभिन्न माध्यम से व्यक्त करता है। कला को इस प्रकार भी परिभाषित कर सकते हैं = क + ला अर्थात् क = कामदेव, सौन्दर्य, हर्ष, विलास तथा ला = देना, 'कलान्ति दयातीति कला' अर्थात् सौन्दर्य की अभिव्यक्ति द्वारा सुख प्रदान करने वाली वस्तु ही कला है।

7 राजस्थानी कला परम्परा में सौन्दर्य दर्शन

-डॉ० नाजिमा इरफान
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, चित्रकला विभाग, आर०जी० (पी०जी०) कॉलिज, मेरठ

कला सौन्दर्य साधना है क्योंकि सौन्दर्य में एक अनोखी आकर्षण शक्ति विद्यमान होती है, जिसके कारण उसकी ओर मन का रूझान होता है। वास्तव में सौन्दर्य मानव का सहज गुण होता है। कला एवं सौन्दर्य चिन्तन अनवरत् बहती सरिता है। भारतवर्ष में सौन्दर्यतत्व मीमांसा ऋग्वेद से आरम्भ हुई है। डॉ० नगेन्द्र के अनुसार सौन्दर्य की अभिव्यक्ति एक भावात्मक अनुभूति है[1] तथा ईश्वर द्वारा निर्मित यह समस्त सृष्टि चारों ओर से कला और सौन्दर्य से परिपूर्ण है। भारतीय कला सौन्दर्य एक चिन्तन है।

भारतीय चित्रण परम्परा शैली के सौन्दर्य में विद्यमान है। भारतवर्ष में अति प्राचीन काल से चित्रकला का विकास हो चुका था। सिन्धु सभ्यता में जो चित्रकारी हुई वह पाँच हजार वर्ष पूर्व का इतिहास है। वेदों के समय भी चित्रों का चलन अवश्य रहा होगा। अजन्ता की गुफाओं की चित्रकला को देखकर यह ज्ञात होता है कि उस समय में चित्रकला अपने चरम अवस्था पर थी। यद्यपि गुप्तकाल के पश्चात् चित्रकला का ह्रास होता चला गया। पठानों के समय में तो चित्रकला लुप्त हो गयी। आगे चलकर इस्लाम में जब कला की ओर रूझान आया तथा व्यक्तित्व में उदारता आई, तब मुस्लिम समाज भी कला की ओर उन्मुख होने लगा। तब चित्रकला की धारा में मानव मन हरा–भरा हो गया। मुगलकाल में चित्रकला का रूप निखर उठा। राजस्थान में भी चित्रकला पनपने लगी।

राजस्थानी चित्रकला के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान मेवाड़ का था। जैन शैली सातवीं शताब्दी में अपने चरम पर थी। राजस्थान का मेवाड़ क्षेत्र निकटवर्ती होने के कारण वहाँ जो चित्रकला पनपी उस पर पूरी तरह जैन शैली की छाप थी। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि राजस्थानी चित्रकला का इतिहास लगभग चार सौ वर्ष पुराना है।

भौगोलिक स्थिति, स्थानीय परिवेश, मुगल शैली एवं जैन शैली के योग से राजस्थान में विभिन्न शैलियों का जो विकास हुआ उसे देखकर भारतीय चित्रकला मन्त्र मुग्ध हो उठी। राजस्थानी चित्र शैलियों में मुगल शैली के प्रभाव के साथ ही अन्तर भी बहुत था। मुगल शैली अगर शरीर थी तो राजस्थान शैली आत्मा।[2] राजस्थान के चित्रकार सही अर्थों में चित्रकार थे। राजस्थानी शैली में अजन्ता की भावना थी। राजस्थानी चित्रों के विषय में अबुलफजल का कहना है कि वस्तुओं के विषय में हमारा जो ज्ञान है ये चित्र उससे बहुत आगे का संकेत करते हैं। इन चित्रों के द्वारा राजस्थानी चित्रकारों के संयम, वैराग्य, पवित्रता, योगाचार, कोमलता और क्रोध सबका प्रतिनिधित्व करता है।

8 सौन्दर्य की अप्रतिम उदाहरण कांगड़ा शैली

-डॉ० पूनमलता सिंह
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, चित्रकला विभाग, रघुनाथ गर्ल्स (पी०जी०) कॉलिज, मेरठ

भारतीय चित्रकला अपनी अविरल धारा में अनेक पड़ावों को पार करके सौन्दर्य के सौष्ठव तक पहुँची है जिसका कोई सानी विश्व के कला इतिहास में भी न रहा, अठारहवीं शती में राजपूत राजाओं के समाश्रय में पल्लवित पोषित होने वाली कांगड़ा चित्र शैली ऐसी ही एक शैली है। कांगड़ा चित्र शैली भारतीय कला के आदर्शों की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है जो कलाप्रेमियों को मन्त्रमुग्ध कर देती है। किसी भी देशकाल की कला हो वह अपने भौगोलिक, सांस्कृतिक परिवेश से सदैव प्रभावित होती है, मेरा विश्वास है कि धौलधार की श्वेत पहाड़ियों और वहाँ की हरीतिमा के प्राकृतिक सौन्दर्य ने उस समय कलाकारों को इतनी सुन्दर कृतियाँ रचने के लिये अवश्य ही बाध्य किया होगा तभी कलाकार सौन्दर्य का संसार अपनी कलाकृतियों में बसा सके होंगे।

कांगड़ा की सत्ता 13वीं शती से 18वीं शती तक लगभग 500 राजाओं के हाथों हस्तानान्तरित होती रही परन्तु 1775 में जब कांगड़ा की गद्दी पर महाराजा संसारचन्द आसीन हुए तब कांगड़ा राज्य में कलाकारों व शिल्पकारों को पर्याप्त सम्मान प्राप्त हुआ। महाराजा संसारचन्द कलानुरागी और पारखी व्यक्ति थे उनके समय कांगड़ा की चित्रकला अपने चरम सौन्दर्य को प्राप्त कर सकी। कांगड़ा के तत्कालीन राजा वैष्णव भक्ति से ओतप्रोत थे इसी कारण कलाकारों ने भी उनकी आस्था को तूलिका के माध्यम से मुखरित कर दिया। भारतीय चित्रकला सदैव धर्म की सहधर्मिणी बनकर चली थी इसी कारण कांगड़ा के चित्रकार भी कृष्ण भक्ति परंपरा से स्वयं को विलग न कर सके, कांगड़ा कलाकार महज शिल्पकार नहीं थे, वे ऐसे अनुप्रेरित व्यक्ति थे जो वास्तविक धार्मिक व कवित्तमय जीवन व्यतीत करते थे, जिसे हम नैसर्गिक जीवन की संज्ञा दे सकते हैं। यह एक बड़ा तत्व है जिससे हमें मुगल चित्रकला के मुकाबले कांगड़ा चित्रकला की उच्चस्तरीय उपलब्धि का पता चलता है। भक्त कवियों द्वारा भक्ति काव्यधारा के अन्तर्गत जयदेव, चैतन्य, सूरदास, केशवदास और मीराबाई आदि की मौलिक और रसात्मक कृतियों से जनता में ऐसी भावाभिव्यक्ति हुई जिससे पहाड़ी क्षेत्र प्रकृति के देवालय तो ये ही चित्रकला की रंगशालाएँ भी बन गए।

वैष्णव धर्म दो शाखाओं में विभक्त था रामाश्रयी एवं कृष्णाश्रयी, कांगड़ा के राजा, प्रजा व चित्रकार कृष्णाश्रयी शाखा का अनुसरण करते थे। भगवान कृष्ण उनके इष्ट थे, कृष्ण जो कि परमात्मा हैं, दर्शन हैं जीवन का सार है तत्कालीन कवियों और कलाकारों की प्रेरणा है।

कलाकारों ने भगवान कृष्ण की अनेकानेक चित्रावलियाँ सृजित कीं, कांगड़ा शैली के चित्र कृष्ण और गोपिकाओं, सखियों तथा राधा के साथ उनकी विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हैं। जयदेव का

16 Psychological Aspects of Aesthetician

Dr. Sunita Singh
Assistant Professor, Psychology Department, R.G.(P.G.) College, Meerut

Aesthetic term is connected with the term "beauty" and beauty itself is the impression of something positive and pleasant. Aesthetics has been considered as the subfield of philosophy that studies the experience of beautiful. In psychology, aesthetics is studied in the context of relation to the physiology and psychology of perception.

When we use 'aesthetic' term in our life, actually it expresses the notion of something looks attractive, appealing and feels beautiful. It is directly connected with the appearance of person or thing. A very similar term is 'aesthetic sense' which is actually shows the sense of person who is perceiving beauty of something. It may vary person to person this is why some people are appreciated for their good aesthetic sense in art, nature and good taste. Such people are called aesthetician. It is subjective and such people are highly sensitive towards the critical reflection of art, culture and nature. So here we see two different aspects of aesthetic. One is related to the outer characteristics of something and the second aspect is related to the orientation and a sense of a person of perceiving critical higher level of beauty of objects. Second aspect is more explorative and more psychological with vast variation and is highly correlated with personality traits of a person. We all like music, dance, singing, art and other artistic streams but we also notice that such people have extra ordinary ability to relate or create things in more creative and in most unusual ways. This is not so that only aestheticians can response towards the beauty of surroundings, but aestheticians may have deep sense of observing representational qualities of the object. Dr. Silverman (2001) has said *"Aesthetic analysis is a careful investigation of the qualities which belong to objects and events that evoke an aesthetic response. The aesthetic response is the thoughts and feelings initiated because of the character of these qualities and the particular ways they are organized and experienced perceptually".*

Various components play fundamental role in the aesthetic critical analysis such as emotional, cognitive, interest and awareness in order to initiate aesthetic response.

13 भारतीय कला परम्परा में सौन्दर्य

-डॉ० (श्रीमती) सुमन लता शर्मा
एसोसिएट प्रोफेसर, संगीत विभाग, आर०जी० (पी०जी०) कॉलिज, मेरठ

भारतीय कला अपनी प्राचीनता तथा विविधता के लिये विख्यात रही है। भारतीय कला में सभ्यता के उदय से लेकर वर्तमान तक के सामान्य व धार्मिक भवनों, मूर्तियों, चित्रों, नृत्य व संगीत आदि को शामिल किया जाता है।

भारत के इतिहास के प्रारंभिक काल में ही कला की परिपक्वता के साक्षात् प्रमाण हैं। खुदाई में असंख्य केन्द्रों से प्राप्त सभ्यता के अवशेषों में अनेक ऐसे तथ्य सामने आये हैं, जिन्हें देखकर मन यह मानने को बाध्य हो जाता है कि हमारे पूर्वज उच्च कोटि के कलाकार थे। यद्यपि भारत के दीर्घकालिक इतिहास में ऐसे काल भी आये जब कला का ह्रास होने लगता अथवा वह अपने मार्ग से भटकती प्रतीत हुई तथापि सामान्य तौर पर यह देखा गया कि भारतीय जनमानस कला को अपने जीवन का एक अंश मानकर चला है। वह कला का केवल विकास व निर्माण ही नहीं करता, बल्कि कला को जीता है। उसकी जीवन शैली कला से परिपूर्ण है।

कला सौन्दर्य साधना है। सौन्दर्य में एक अनूठी आकर्षण शक्ति है। उसकी ओर मन का सहज रुझान होता है। वास्तव में सौन्दर्य को मानव का सहज गुण भी कहा जा सकता है। कला का उद्गम 'कल' धातु से निष्पन्न होता है, इसका अर्थ है चलना, गति, स्पन्दन। कला ने सभ्यता को आदिकाल से सौन्दर्य – शृंगार – साज – सज्जा से सजाया सँवारा है।

भारतीय कला परम्परा हमेशा सौन्दर्य अर्थात् 'सत्यम्–शिवं–सुन्दरम्' पर आधारित रही है। कला में सौन्दर्य की यथार्थता को ईश्वरीय आनन्द माना जाता है। कला में समाविष्ट अगाध सौन्दर्य का आनन्द दर्शक व श्रोता अपनी दृष्टि अथवा कर्णेन्द्रिय से कर लेता है लेकिन कलाकार जब किसी कला की रचना करता है तो उस समय मन, वाणी और बुद्धि से वह स्वयं कल्पनालोक में रहता है। उसकी रचनात्मकता का माध्यम उसके अन्तर्मन को बार–बार सौन्दर्य की ओर प्रेरित करता है।

कला का मूल अन्ततः आत्मा है। आत्म साक्षात्कार करने वाले मंत्रदृष्टा ऋषियों ने सत्य का साक्षात्कार किया था, उन्होंने सत्य को देखा था। उन्होंने बताया कि आत्मा मन बुद्धि की पहुँच से भी पार है। वहाँ वाणी भी नहीं पहुँचती। इन्द्रियाँ तो स्वभाव से ही बाहर की ओर दौड़ने वाली हैं। आत्मा के दर्शन का उत्कट अभिलाषी तो कोई धीर होता है, जो आवृत्त चक्षु–इन्द्रियों को अन्तर्मुखी

14 भारतीय परम्परा में सौन्दर्य

-डॉ० किरन शर्मा
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संगीत विभाग, आर०जी० (पी०जी०) कॉलिज, मेरठ

सौन्दर्य एक ईश्वरीय गुण है तथा सौन्दर्य चेतना मानव के अन्तःकरण की परम निधि है। मानव मन मूलतः सौन्दर्य प्रेमी होने के कारण ही कला का उद्यव हुआ। ललित कलाएँ मानव के अन्तःकरण मे व्याब्त विविध भावों की सौन्दयात्मिक अभिव्यक्ति हैं। सौन्दर्य सृजन की प्रेरणा का आधार प्रकृति, के सुन्दर दृश्य संगीत की मधुर ध्वनि वास्तुकला, शिल्पकला, काव्य रचना इत्यादि कुछ भी हो सकता है, सबका ध्येय एक ही है–आनंद की प्राप्ति। हम कह सकते हैं कि अनेक कलाओं का सृजन तथा विकास मनुष्य के ऐन्द्रिय–मानसिक सौन्दर्यानुराग तथा परिष्कृत सौन्दर्य चेतना का ही परिणाम है।

भारतीय परम्परा में विविधि कलाओं का उल्लेख प्रारंभ से ही प्राप्त होता है। इनका आधार वेद हैं। वेदों में वास्तु, मूर्ति, चित्र, संगीत तथा काव्य, पाँच कलाओं का उल्लेख मिलता है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल के अनुसार वैदिक ऋषि मानव शिल्प की अपेक्षा देव शिल्प के प्रति अधिक आकृष्ट था। रामायण–महाभारत में भी वास्तु शिल्प, चित्र गीत काव्य सभी कलाओं का विस्तृत वर्णन मिलता है। कला का लक्ष्य सौन्दर्य की अभिव्यक्ति है। वह सौन्दर्य जो देखने या सुनने वाले मन पर प्रत्यक्ष प्रभाव डालती है। समस्त कलाओं का प्रेरणा स्रोत मनुष्य की सौन्दर्य प्रियता की उपलब्धि तथा आनंद की प्रतीति है।

भारतीय सौन्दर्य चेतना कलाओं के माध्यम से ही अभिव्यक्त हुई है। ललित कलाएँ भारतीयों की सूक्ष्म एवं परिष्कृत सौन्दर्य भावना की प्रतीक है। भारतीय वाडमय में संस्कृत ग्रंथो में सौन्दर्य शब्द का उल्लेख नहीं है किंतु उसके पर्याय शब्दों का उल्लेख अवश्य प्राप्त होता है जैसे–

सुन्दर, रूचिरं, चारू, सुषमं, साधु, शोभनम्,
कान्त, मनोरंम, रूच्यं, मनोज्ञं, मंजु, मंजुलम"
अभीष्टेऽभीप्सितं, हृदयं, दयितं, वल्लभं, प्रियम्। (अमरकोष)

ऋग्वेद में सौन्दर्य को 'श्री' नाम से संबोधित किया गया है। वाचस्पत्य कोष में सुन्दर की व्युत्पत्ति सु+उन्द् +अरन् इस प्रकार से की गई है जिसका अर्थ है नयनो को सिक्त अर्थात सुख प्रदान करने वाला। सौन्दर्य का आकर्षण तीव्र है जब कोई कला भौतिक अथवा मानसिक रूप से एन्द्रिय आनंद की अनुभूति कराती है तो वही सौन्दर्य है।

15 भारतीय सांगीतिक परम्परा में सौन्दर्य

-डॉ० स्वाति शर्मा
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संगीत विभाग, आर०जी० (पी०जी०) कॉलिज, मेरठ

भारतीय परम्पराएँ सदैव मानव कल्याण के प्रति सजग रही हैं। वातावरण का प्रभाव अच्छा एवं बुरा दोनों ही होते हैं। मंगलकारी ओजस्विता भरने वाली मन को प्रफुल्लित करने वाली परम्पराएँ जो चिर काल से भारत को दैदीप्यमान कर रही हैं वो सब वर्तमान में भी अपने सशक्त अस्तित्व की परिचायक रही है। अन्य देशों की तुलना में जब हम भारत पर ध्यान देते हैं, तो हम पाते हैं कि भारत में एक विशेष आकर्षण विद्यमान है। ये आकर्षण भारतीय परम्पराओं के रूप में या भारतीय नैतिक मूल्यों के रूप में दृष्टिगोचर होता है। भारतीय नैतिक जीवन के आरम्भ से ही चली आ रही कुछ परिपाटियाँ आज भी हमारे जीवन को प्रभावित करती हैं, क्योंकि उन परम्पराओं के पीछे कुछ गूढ़ रहस्य छिपे हैं एवं भारतीय परम्पराओं को वैज्ञानिक तथ्य भी पुष्ट कर रहे हैं।

विश्व का यश और वैभव है भारत। इसी कारण विश्व के दरबार में भारतीय समाज तथा परम्पराओं का कोई परिचय फिर से देने की सम्भवतः जरूरत ही नहीं है, फिर भी भारतीय शिष्टाचार परिचय देने के पक्ष में ही हैं। राँस के अनुसार, "परम्परा का अर्थ है, हिमालय से लेकर हिन्द महासागर तक विस्तृत यह उपमहाद्वीप 'भारतवर्ष' अर्थात् 'भरत का देश' नाम से विख्यात है। पौराणिक गाथाओं के अनुसार इस देश पर 'भरत' नाम का एक प्रतापी राजा राज्य करता था, इसलिए इस देश का नाम उसी राजा के नाम पर भारत वर्ष पड़ा। भारतीय परम्पराएँ अगणित हैं, इन परम्पराओं में विविधता होते हुए भी एकता है। ये परम्पराएँ, सामाजिक संरचना को बनाती है, परम्पराओं तथा सामाजिक संरचना का यह गठबंधन भारतीय समाज है। देखा जाये तो भारतीय जनता की अपनी एक संस्कृति है। यह संस्कृति, दर्शन, परम्परा, इतिहास, पौराणिक व कल्पित कथाओं के मेलजोल से तैयार हुई है और इन विविध अंगों को एक–दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता।

भारतीय धर्म का प्रतिनिधित्व सर्वप्रथम 'ऊँ' नामक वर्ण करता है। यह माना जाता है कि सम्पूर्ण विश्व की शाश्वतता इस एक ऊँ की ध्वनि में समाहित है। ऊँकार को नित्य अक्षर प्रणव में अकार, उकार, मकार–इन तीनों मात्राओं के रूप में बताया गया है तथा इन मात्राओं के अतिरिक्त जो बिन्दुरूपा नित्य अर्धमात्रा है। इन सभी को एक शक्ति का रुप बताया गया है जो कि उच्चारण करने पर शांति प्रदान करती हैं ऊँ के अतिरिक्त भारतीय परम्पराओं में स्वस्तिक का भी अपना महत्व है। स्वस्तिक के चिन्ह का महत्व केवल भारतीय परम्पराओं में ही नहीं, अपितु पाश्चात्य देशों में भी है। व्यवसायिक रुप से इस चिन्ह को बही खातों में, वैवाहिक वस्त्रों में, कोई भी हवन या धार्मिक आयोजन में शुभ व सौभाग्य का प्रतीक के रुप में करते हैं।

2019-20

समकालीन साहित्य और सिनेमा

संपादक
डॉ. सीमा शर्मा

डॉ. सीमा शर्मा

दिल्ली विश्वविद्यालय से एम.फिल्., पी-एच.डी., मेरठ विश्वविद्यालय से बी.एड., पोस्ट एम.ए. डिप्लोमा अनुप्रयुक्त भाषा विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार (केन्द्रीय हिन्दी संस्थान) पी.जी. डिप्लोमा अनुवाद -भारतीय विद्या भवन

शोध कार्य : साठोत्तर हिंदी नाटकों में विडंबना की रचनात्मक भूमिका, मैत्रेयी पुष्पा कृत इदन्नम में नारी चेतना, भाषा शिक्षण में कोड मिश्रण और कोड परिवर्तन से उत्पन्न व्यवधान, हिन्दी सिनेमा में अभिव्यक्त आपदा का स्वरूप।

शोध निर्देशन : नाटक और विज्ञापन जगत पर।

प्रकाशित लेख : समकालीन हिन्दी कहानी में स्त्री अस्मिता; विज्ञापन की भाषा, स्नातकोत्तर हिन्दी कविता में राजनीतिक विमर्श, स्वातन्त्र्योत्तर हिन्दी नाटकों में राजनीतिक विमर्श, भक्ति काव्य में स्त्रीवादी चिंतन, संवेदना के धरातल पर मॉरीशस के बाल नाटक साहित्य।

अनेक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय संगोष्ठियों में प्रपत्र वाचन। परिचर्चा (नया ज्ञानोदय), ज्ञानपीठ प्रकाशन (पंचायत)।

- दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का संयोजन, संचालन।

- नए संवाद शोध विषयक अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिक पत्रिका के सम्पादीय मंडल में।

नाट्य निर्देशन : इला प्रभाकर श्रोत्रिय, पर्दा उठाओ, पर्दा गिराओ - उपेन्द्रनाथ अश्क, शुतुरमुर्ग -ज्ञानदेव अग्निहोत्री, कोर्ट मार्शल - स्वदेश दीपक

- ज्ञानवाणी चैनल पर रेडियो वार्ता प्रसारित। भाषा साहित्य और संस्कृति का विकास, कविता से क्रान्ति तक।

सम्मान पुरस्कार : एम्बेसडर ऑफ पीस अवार्ड, यूनीवर्सल पीस फेडरेशन, वर्ल्ड पी.एन.जी.ओ., साउथ क्लब, कोरिया।

सम्प्रति : जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत।

संपर्क : seminar.jdmc@gmail.com

साहित्य संचय
ISO 9001 : 2015 प्रमाणित प्रकाशन
हम करते हैं समय से संवाद
www.sahityasanchay.com
e-mail : sahityasanchay@gmail.com
Mob. : 9871418244, 9136175560

₹ 150
ISBN : 978-93-88011-73-0
9789388011730

हिंदी साहित्य में छोटे व बड़े पर्दे का योगदान

डॉ. कंचन पुरी
एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्षा हिंदी
रघुनाथ गर्ल्स (पी.जी.) कॉलेज, मेरठ

साहित्य शब्द सहित से बना है–जिसका अर्थ है साथ-साथ या हित के साथ। साहित्य समाज से जुड़ा और समाज से जुड़ा प्रत्येक पहलू साहित्य से प्रभावित होता है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण 'रामचरितमानस' को ले सकते हैं। रामचरितमानस हिंदी साहित्य का एक अनुपम ग्रंथ है। राम के राज्य को हमने नहीं देखा लेकिन आज भी किसी आदर्श के लिए रामचरितमानस के उदाहरण दिए जाते हैं। हिंदी साहित्य पर दृष्टि डालें तो 'भागवत गीता', 'रामचरितमानस', महाभारत जैसे धार्मिक ग्रंथों के साथ-साथ कबीर, प्रेमचंद, प्रसाद के साहित्य ने लोगों पर (समाज) पर अपना अत्यधिक प्रभाव छोड़ा है।

साहित्य अपना प्रभाव छोड़ता है इसमें कोई संदेह नहीं। लेकिन दूसरा पहलू यह भी है कि साहित्य भी समाज से प्रभावित होता है। साहित्य अपनी सामग्री (कहानी, कथावस्तु, तथ्य, वातावरण) समाज से ही लेता है। जिस तरह का समाज होगा वैसा ही साहित्य भी निकलकर आएगा। इसीलिए कहा जाता है कि अगर किसी समाज को समझना है तो उसके साहित्य को पढ़ना, समझना, अति आवश्यक है।

छोटे पर्दे अर्थात् टेलीविजन बड़े पर्दे अर्थात् सिनेमा पर दृष्टि डालें तो ये भी साहित्य से अछूते नहीं हैं। प्रारंभ में तो छोटे व बड़े पर्दे ने अपनी सामग्री साहित्य से ही ली। महाभारत और रामायण जैसे धारावाहिकों ने छोटे पर्दे को लोकप्रिय बनाया। वहीं सिनेमा अर्थात् बड़े पर्दे को भी हिंदी साहित्य ने भरपूर सामग्री उपलब्ध कराई।

Hindi Deptt
2019-20

हिंदी साहित्य विविध आयाम

संपादक
प्रो. गोविन्द सोनी
डॉ. नरेश कुमार सिहाग

साहित्य संचय
ISO 9001 : 2015 प्रमाणित प्रकाशन
हम करते हैं समय से संवाद

© संपादक

ISBN : 978-81-942948-0-1

प्रकाशक

साहित्य संचय

बी-1050, गली नं. 14, पहला पुस्ता,
सोनिया विहार, दिल्ली-110090
फोन नं. : 09871418244, 09136175560
ई-मेल - sahityasanchay@gmail.com
वेबसाइट - www.sahityasanchay.com

ब्रांच ऑफिस

ग्राम : बहुरार, पोस्ट : ददरी
थाना : नानपुर, जिला : सीतामढ़ी
पटना (बिहार)

नेपाल ऑफिस

राम निकुंज, पुतलीसड़क
काठमांडौ, नेपाल-44600
फोन नं. : 00977 9841205824

प्रथम संस्करण : 2019
कवर डिजाइन : पवन वर्मा

मूल्य : ₹ 300/- (भारत, नेपाल)
मूल्य : $ 11/- (अन्य देश)

HINDI SAHITYA VIVIDH AAYAM
Edited by Prof. Govind Soni, Dr. Naresh Kumar Sihag

साहित्य संचय, बी-1050, गली नं. 14, पहला पुस्ता, सोनिया विहार, दिल्ली-110090 से **मनोज कुमार** द्वारा प्रकाशित तथा **श्रीबालाजी ऑफसेट,** दिल्ली द्वारा मुद्रित।

अनुक्रम

1. दलित आत्मकथाएँ — 13
   प्रो. गोविन्द सोनी/ डॉ. नरेश कुमार सिहाग
2. हिन्दी गज़ल में पर्यावरण विमर्श — 17
   डॉ. सविता धुड़केवार
3. वैदिक सभ्यता — 24
   हरिप्रकाश शर्मा
4. राजनीति विषयक प्रकरण ग्रंथ अर्थशास्त्र में 'अमात्य' विमर्श — 34
   खुशवन्त माली
5. कथ्य-कथन की एक शैली-आख्यानवाद — 41
   शम्भू राम
6. अमरकांत के कथा-साहित्य में आर्थिक चेतना — 46
   आर. देवकी
7. रामायण और भारतीय दर्शन का वैश्विक प्रसार — 52
   तरुण कुमार
8. राहुल सांकृत्यायन के यात्रा-साहित्य में प्रतिबिम्बित सामाजिक परिस्थितियाँ — 56
   डॉ. शिखा सिंदवानी
9. नारी विमर्श राधाचरितम के विशेष संदर्भ में — 63
   वर्षा रानी
10. हिन्दी के अभ्युदय में प्रवासी साहित्यकारों का योगदान — 68
    संगीता/डॉ. सुनीता
11. प्रेमचन्द के साहित्य में किसान एक विमर्श — 76
    डॉ. सुनीता
12. हिन्दी साहित्य में महिला लेखिकाओं की आत्मकथाएँ...परिदृश्य — 81
    सुप्रिया प्रसाद
13. वेद-विमर्श — 89
    डॉ. सीमा देवी

हिन्दी के अभ्युदय में प्रवासी साहित्यकारों का योगदान

संगीता/डॉ. सुनीता
आर.जी. (पी.जी.) कॉलेज
चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, उत्तर प्रदेश
Email:-Sangeetaraj492@gmail.com

प्रस्तावना

जब अन्तर जगत का सत्य बर्हिजगत के सत्य के सम्पर्क में आकर संवेदना या सहानुभूति उत्पन्न करता है, तभी साहित्य की सशष्टि होती है। भाषा के माध्यम से अपने अतरंग की अनुभूति अभिव्यक्ति कराने वाली ललित कला 'काव्य' अथवा 'साहित्य' कहलाती है। साहित्य की व्युत्पित्ति को ध्यान में रखकर इस शब्द के अनेक अर्थ प्रस्तुत किए गए है।

'यत्' प्रत्यय के योग से साहित्य शब्द की उत्पत्ति हुई है। शब्द और अर्थ का समान भाव ही साहित्य है। साहित्य वाड्मय संसार है, जिसमें प्रवासी हिन्दी साहित्य एक प्रमुख स्तंभ है। हिन्दी साहित्य को साहित्य से विलग नहीं किया जा सकता "प्रवासी एक ऐसा शब्द है। जो अपना भी लगता है और पराया भी। यह निकटता भी दर्शाता है और दूरी भी। शायद महाभारत में इस शब्द का प्रयोग सबसे पहले किया था। मगर हिन्दी साहित्य में इस शब्द के नए अर्थ गढ़े गए हैं और एक नया खांचा तैयार किया गया है जिसे कहा गया है-प्रवासी साहित्य।"[1]

'प्रवास' शब्द मानव जीवन एवं स्थानांतरण का प्रतीक है। मानव अपनी सुविधानुसार एक स्थान से दूसरे स्थान पर आगमन करता है, परन्तु उसकी संवेदना अपने मूल स्थान से जुड़ी रहती है। 'प्रवास' शब्द 'वास' धातु में 'प्र' उपसर्ग लगाने से बना है। 'वास' का अर्थ निवास करने से लिया जाता है और 'प्र' उपसर्ग लगाने से इसका अर्थ बदल जाता है।

'प्रवास' शब्द का पूर्ण अर्थ है अपने मूल स्थान या देश में न रहकर अन्य स्थानीय देश में रहना।

प्रेमचन्द के साहित्य में किसान एक विमर्श

डॉ. सुनीता
एसोसिएट प्रोफेसर, (हिन्दी विभाग)
आर.जी. (पी.जी.) कॉलेज
चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, उत्तर प्रदेश

प्रस्तावना

हमारा देश एक कृषि प्रदान देश है, और यहाँ 70: जनता आज भी कृषि पर ही निर्भर है। और यह आंकड़ा कोई आज का नहीं है आजादी के समय भी यही आँकड़ा था और आज भी। देश को आजाद हुये कई वर्ष बीत गये कई सरकारें आइं और गईं लेकिन इतने सालों के बाद भी गाँव का किसान आज अपनी मूलभूत आवश्यकताओं से बहुत दूर रहता है। किसान को अन्नदाता भी कहा जाता है लेकिन यह एक विडंमना ही है कि उसका दाता कोई और ही होता है। सरकारें बदली स्कीमें बदली, योजनायें बदली लेकिन एक कृषक वहीं खड़ा है जहाँ 50 साल पहले खड़ा था। यह माना जा सकता है कि आज का युग एक वैज्ञानिक युग है नई-नई तकनीकियाँ आ गयीं, नई योजनाएं लागू हो गयी हैं लेकिन एक अनपढ़ गाँव का किसान इन सुविधाओं का लाभ नहीं ले पा रहा है और न ही सही ढंग से कृषि कार्य कर पा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप आज भी वह कर्ज से दबा है।

किसानों की आत्महत्या के बारे मे अगर बात करें तो हर साल शर्मनाक आंकड़े सामने आ रहे हैं। पिछली साल टाइम्स ऑफ इण्डिया की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल मई महीने में केन्द्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया था कि किसानों की आय और सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने की तमाम कोशिशों के बावजूद साल 2013 से हर साल 12,000 हजार से ज्यादा किसान आत्महत्या कर रहें हैं

आज मार्केट में सारी वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं लेकिन किसान की वस्तुऐं मिट्टी के भाव। अभी 2014 की बात है किसानों ने लहसुन की फसल को खात के रूप में दोबारा से गड्ढों में डाल दिया था और सड़ने दिया आखिर क्यों ? ऐसा हुआ इसका अंदाजा शायद ही कोई लगा पाये। उस समय उस किसान के हृदय पटल पर क्या वीत रही होगी जिसने खुद भूखे रह-रह कर उसकी बुआई की, धूप

ओ३म्

साहित्य के परिप्रेक्ष्य में किन्नर विमर्श

सम्पादिका :
डॉ. सानिया गुप्ता
एम.ए. एम.फिल. पी.एच.डी.

प्रकाशक :
गीना प्रकाशन
202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड, भिवानी–127021 (हरियाणा)

साहित्य के परिप्रेक्ष्य में किन्नर विमर्श

ISBN - 978-81-936150-7-2

Published by :
Gugan Ram Educational & Social Welfare Society (Regd.)
202, Old Housing Board,
Bhiwani-127021 (Haryana) INDIA
Email :ginapk222@gmail.com
WhatsApp : 9466532152

All Right Reserved by Publisher & Editor

Price : 501/-

Sahitya Ke Pripekshy Me Kinner Vimarsh

Dr. Sania Gupta

Printed by : Manbhawan Printers, Old Bus Stand Road, Naya Bazar, Bhiwani (Hry.)

अनुक्रमाणिका

क्र.	विषय	लेखक	पृष्ठ
I	भूमिका	डॉ. नरेश कुमार सिहाग	5–5
II	प्राक्कथन	डॉ. सानिया गुप्ता	6–7
1.	किन्नर – एक दृष्टि	अमिता शर्मा	8–10
2.	किन्नर विमर्श : एक अध्ययन	डॉ. एकता रानी	11–14
3.	किन्नरों के रीति–रिवाज	डॉ. सानिया गुप्ता	15–18
4.	अनुसूया त्यागी कृत 'मैं भी औरत हूँ' उपन्यास में किन्नर विमर्श	नीलम देवी	19–23
5.	साहित्य के परिप्रेक्ष्य में किन्नर विमर्श	रेवा रानी	24–27
6.	किन्नर समाज में शिक्षा का महत्व	शिवाली गुप्ता	28–29
7.	किन्नरों की पहचान	अकशित राना	30–33
8.	किन्नर एक फरिश्ता	प्रो. गोविन्द सोनी	34–37
9.	नालासोपारा में किन्नर विमर्श	डॉ. लता एस. पाटिल	38–45
10.	राजनीति और किन्नर	डॉ. रेखा सोनी	46–49
11.	संत शिरोमणि रामकथा वाचक मुरारी बापू कृत 'मानस–किन्नर' में किन्नर	सुमन रानी प्रो.मन्जुनाथ एन. अंबिग	50–54
12.	संवेदनहीनता के मरुस्थल में (साक्षात्कार)	कल्पना	55–63
13.	किन्नर – विशेष संदर्भ महाभारत	डॉ. विजय महादेव गाडे	64–70
14.	'किन्नर कथा' उपन्यास में चित्रित किन्नर जीवन	सानिया गुप्ता	71–76
15.	किन्नर : सामाजिक सन्दर्भ में	डॉ. अमृता सिंह प्रो. जोहरा अफजल	77–87
16.	किन्नर समुदाय की सामाजिक स्थिति व बदलती तस्वीर	डॉ0 उषा गोदारा	88–90

17. किन्नरों का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, रीति रिवाज और समाज में उनकी मान्यताएँ	शिवकरण निमल	91–95
18. किन्नर : सांस्कृतिक संदर्भ में	डॉ. प्रवीण बाला	96–104
19. भारतीय साहित्य में किन्नर विमर्श	दिप्तीबह्न एम.प्रजापति	105–107
20. किन्नर सामाजिक संदर्भो में	अनिल कुमार साह	106–113
21. 21वी शताब्दी में किन्नर एक अभिशाप क्यों?	संगीता	
	डॉ० सुनीता	114–119
22. सम्मान का अधिकारी किन्नर समाज	डॉ. नरेश कुमार सिहाग	120–126
23. किन्नर : कल और आज	शर्मिला देवी	127–133
24. किन्नर जीवन की त्रासदी : 'मैं पायल' उपन्यास	डॉ. वनीता कुमारी	134–145
25. हिन्दी कथा साहित्य में किन्नर विमर्श	डॉ. नसरीन जान	146–152
26. Anjum the Unconsoled : Life of a Transgender	Prof.Gopal Sharma	153-158

(21)

21वी शताब्दी में किन्नर एक अभिशाप क्यों?

प्रस्तावना– हमारे भारतीय समाज गें एक बहुत पुरानी कहावत है, कि 'अगर अपना हक न मिले तो उसे छीन लेना वाहिए। यही बात आज हमारे तीसरे लिंग अर्थात किन्नर समाज पर लागू होती है। कोई भी व्यक्ति किसी जाति, धर्म या परिवार का हो जब तक वो खुद उभरने की कोशिश नही करेगा तब तक उसे कोई भी गन्दी मानसिकता वाले दलदल से बाहर नही निकाल सकता है।

21 वी सदी में अगर देखा जाए तो भारतीय समाज में किन्नरों से ज्यादा दयनीय स्थिति किसी की नही है क्यों?। इसका भी एक बहुत बड़ा कारण है वो कारण है किन्नर समुदाय की संकुचित सोच। जब तक वो खुद को नाचने गाने के पेशे से बाहर नही निकालेंगे और अपनी संख्या में इजाफा करने वाली सोच को नही बदलेंगे तब तक किन्नरों पर विमर्श कितना भी करलो, कोई बदलाव होने वाला नही है।

2011 की जनगणना के अनुसार समस्त भारत में लगभग 4.9 लाख किन्नर है, जिसमें से 1 लाख 37 हजार हमारे उत्तर प्रदेश से हैं। और 2011 की उसी जनगणना के अनुसार सामान्य जनसंख्या में से शिक्षित लोगों की संख्या 74 प्रतिशत है, जबकि किन्नरों में यही संख्या 46 प्रतिशत ही है।

हाल ही में केरल में 'लैंगिक समानता' पर प्रथम अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। 12 से 14 नबम्वर तक चले इस सम्मेलन के उदघाटन के लिए केरल राज्य के मुख्य सचिव 'जीजे थॉमसन' ने राज्य की 'ट्रांसजेंडर नीति' की एक विख्यात ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता 'आक्काई पदमशाली' को भेंट करते हुए इस नीति का अनावरण किया। हमारे राज्य सरकारों के साथ–साथ भारत सरकार भी इनके स्वरूप को बदलने का भरसक प्रयास कर रही है।

जैनेटिक डिफेक्ट के कारण अगर किसी समाज में कोई नवजात शिशु जन्म लेता है तो वहाँ लोग माँ बाप को कोसना, ताना मारना शुरू कर देते हैं। और तब तक ताना मारते रहते हैं जब तक माँ बाप अपने उस कलेजे के टुकड़े

का ही नही अपितु हिजडों के जीवन के साथ परिवार और समाज के नाकरात्मक रवैया को भी रेखांकित किया है आखिर क्यों ऐसा दुर्व्यहार किया जाता है वो इन्सान नही हैं क्या? उनके अन्दर आत्मा नही है क्या? जो उनके साथ यह दर्दनाक व्यवहार किया जाता है– "समाज की मानसिकता बदलीन होगी लेकिन बदलेगी कैसे? कोई विकल्प है? किसी को तो पहल करनी ही होगी किसी अभिभावक को पुकार लगानी होगी वा सड़ी–गली मान्यताओं को फाडकर फेंक देना होगा। जला देना होगा। भस्म कर देना होगा।"

बिन्नी नें दिखा दिया है कि वह भी एक आम लोगों की तरह अपनी जिन्दगी जी सकता है। अपना खुद का व्यवसाय चला सकता है। उसे आरक्षण की भी जरूरत नही है। उसे लगता है कि आरक्षण देकर उस पर एक और लाचारी की परत चढ़ाई जा रही है जो उसे विल्कुल गवारा नही है।

सरकार हमें सुविधाएं दे सकती है नया कानून बना सकती है, लेकिन गन्दी मानसिकता को नही बदल सकती इसलिए चाहे हमारे समाज में दलित का विमर्श हो, स्त्री विमर्श हो और चाहे वो किन्नर विमर्श हो किसी पर भी विमर्श करने की जरूरत नहीं है, और अगर जरूरत है तो हमें अपने विचारों में बदलाव लाने की। विमर्श पुस्तकों में ही दबे रह जाते हैं और यातनाएं भेगी, यातनाएं भोगते रहते हैं। समाज को बदलने की मत सोचों स्वयं बदलो, समाज तो खुद ही बदल जाएगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. मुदगल चित्रा –पोस्ट बॉक्स नम्बर 203 'नाला सोपारा' पेज नं० 11
2. भगवंत– 'अनमोल जिन्दगी' 50–50 (राजकमल) प्रकाशन–पेज नं०–35
3. वही, पृष्ठ संख्या–42
4. मुदगल चित्रा –पोस्ट बॉक्स नम्बर 203 'नाला सोपारा' पेज नं० 46
5. पारू मदन नायक–'मैं क्यों नहीं' पेज नं०–165
6. मुगदल चित्रा–पोस्ट –' पोस्ट बॉक्स नम्बर 203 'नाला सोपारा' पेज नं० 46
7. वही, पृष्ठ संख्या 177

–संगीता / डॉ० सुनीता, आर०जी० (पी०जी०) कॉलेज
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ (उत्तर प्रदेश)

डॉ. सुमन, एसोसिएट प्रोफेसर, जो वर्तमान में (समाज शास्त्र विभाग) रघुनाथ गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में सन् 2001 से कार्यरत् हैं। इनका 1, जूलाई 1977 को गोरखपुर में जन्म हुआ। पण्डित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से सन् 1997 में स्नातक (इतिहास, समाजशास्त्र और शिक्षा शास्त्र) और सन् 1999 में समाजशास्त्र विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल किया और इसके साथ–साथ सन् 1999 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा" (NET) उत्तीर्ण किया। इन सभी उपाधियों के होने के बावजूद इन्होंने अपनी पढ़ाई की यात्रा जारी रखा और भारतीय मानवाधिकार संस्थान, नई दिल्ली से दूरस्थ शिक्षा के अंतर्गत सन् 2008 में मानवाधिकार विषय में पुनः स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल किया और सन् 2010 में पी. एचडी. की उपाधि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से प्राप्त किया। इन्होंने अपना शिक्षण कार्य सन् 2000 में प्रवक्ता समाजशास्त्र विषय में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, सरदारनगर, गोरखपुर से आरम्भ किया था जिसके थोड़े समय बाद ही सन् 2001 में इनका चयन समाजशास्त्र विषय में प्रवक्ता पद पर रघुनाथ गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ में हो गया।

डॉ. सुमन, का अध्ययन और अध्यापन में हमेशा से विशेष लगाव रहा है, इन्होंने अपने शोध कुशलता को प्रभावी और बहुआयामी बनाने हेतु भारतीय समाज विज्ञान शोध परिषद्, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित दो वृहद शोध परियोजना (MAJOR RESEARCH PROJECT) पर शोध कार्य किया और अब तक दो कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट में भी सहयोगी सलाहकार के रूप में भी योगदान किया है। इनका शोधपत्र विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुका है, तथा अनेक पुस्तक और शोध पत्रिकाओं मे सम्पादक का कार्य किया है इनके शोध लेख विभिन्न किताबों में पाठ के रूप मे प्रकाशित हुए हैं। विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठीयों में इन्होने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं।

Published By :

ANU BOOKS

New Delhi • Meerut • Glasgow [UK]
E-mail : anubooks171@gmail.com
Website : www.anubooks.com
Phone : 0121-2657362, Mob. : 09997847837 [India]
+44 758 651 3593 [UK]

2019
ISBN : 978-93-87912-68-6

₹ 100/-

कृषकों की सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं का समाजशास्त्रीय अध्ययन



डॉ. सुमन, एसोसिएट प्रोफेसर, जो वर्तमान में (समाज शास्त्र विभाग) रघुनाथ गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में सन् 2001 से कार्यरत् हैं। इनका 1, जुलाई 1977 को गोरखपुर में जन्म हुआ। पण्डित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से सन् 1997 में स्नातक (इतिहास, समाजशास्त्र और शिक्षा शास्त्र) और सन् 1999 में समाजशास्त्र विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल किया और इसके साथ–साथ सन् 1999 मे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा" (NET) उत्तीण किया। इन सभी उपाधियों के होने के बावजूद इन्होने अपनी पढाई की यात्रा जारी रखा और भारतीय मानवाधिकार संस्थान, नई दिल्ली से दूरस्थ शिक्षा के अंतर्गत सन् 2008 मे मानवाधिकार विषय मे पुन: स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल किया और सन् 2010 मे पी. एचडी. की उपाधि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से प्राप्त किया। इन्होंने अपना शिक्षण कार्य सन् 2000 मे प्रवक्ता समाजशास्त्र विषय में राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज, सरदारनगर, गोरखपुर से आरम्भ किया था जिसके थोड़े समय बाद ही सन् 2001 में इनका चयन समाजशास्त्र विषय मे प्रवक्ता पद पर रघुनाथ गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ में हो गया।

डॉ. सुमन, का अध्ययन और अध्यापन में हमेशा से विशेष लगाव रहा है, इन्होंने अपने शोध कुशलता को प्रभावी और बहुआयामी बनाने हेतु भारतीय समाज विज्ञान शोध परिषद्, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित दो वृहद शोध परियोजना (MAJOR RESEARCH PROJECT) पर शोध कार्य किया और अब तक दो कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट मे भी सहयोगी सलाहकार के रूप मे भी योगदान किया है। इनका शोधपत्र विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं मे प्रकाशित हो चुका है, तथा अनेक पुस्तक और शोध पत्रिकाओं में सम्पादक का कार्य किया है इनके शोध लेख विभिन्न किताबों मे पाठ के रूप में प्रकाशित हुए हैं। विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठीयो मे इन्होंने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं।

Published By :

ANU BOOKS

New Delhi • Meerut • Glasgow (UK)
E-mail : anubooks123@gmail.com
Website : www.anubooks.com
Phone : 0121-2657362, Mob. : 99976 47837 (India)
+44 758 451 3581 (UK)

2019
ISBN : 978-93-87922-66-2

₹ 600/-

असंगठित क्षेत्र में कार्यरत बाल-श्रमिकों का सामाजिक एवं आर्थिक अध्ययन

डॉ. सुमन

असंगठित क्षेत्र में कार्यरत
बाल-श्रमिकों का
सामाजिक एवं आर्थिक अध्ययन

डॉ. सुमन

ANU BOOKS

असंगठित क्षेत्र में कार्यरत 'बाल–श्रमिकों' का सामाजिक एवं आर्थिक अध्ययन

डॉ0 (श्रीमती) सुमन
एसोसिएट प्रोफेसर
समाजशास्त्र विभाग
आर०जी० (पी०जी०) कॉलेज, मेरठ

Published By :
ANU BOOKS
Delhi Meerut Glasgow (UK)
Visit us : www.anubooks.com

First Published

2019

असंगठित क्षेत्र में कार्यरत 'बाल–श्रमिकों' का सामाजिक एवं आर्थिक अध्ययन

ISBN: 978-93-87922-66-2

Price : Rs.600/-

Copyright © authors

Printed by :

D.K. Fine Art Press Pvt. Ltd.,

New Delhi

Published by :

Anu Books

H.O. Shivaji Road, Meerut, 0121-2657362, 01214007472

Branch : H-48, Green Park Extension, New Delhi 110016, 9997847837

Glasgow (UK)+447586513591

